

# ओव्हर ब्रिज से लेकर रीवा रोड पर लगा जबरदस्त जाम

## घंटों रेंगने को मजबूर रहे सैकड़ों वाहन, एंबुलेंस भी फंसी,आए दिन हो रहीं ऐसी घटनाएं







**नवभारत न्यूज**

**सतना, 11 फरवरी. किसी के स्वागत के लिए पलक पांवड़े बिछाना उस वक्त सैकड़ों लोगों की मुसीबत का सबब बन गया जब शहर की लाइफ लाइन मानी जाने वाली रीवा रोड जबरदस्त जाम की चपेट में आ गई. इस दौरान जहां घंटों तक वाहन रेंगते रहने को मजबूर रहे वहीं दूसरी ओर कुछ एंबुलेंस भी फंस कर रह गईं.**

भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर बुधवार को मैहर और सतना भ्रमण पर आए थे. मैहर पहुंचने पर उनका जगह जगह भव्य स्वागत हुआ. जिसके बाद शाम को वे सतना पहुंचे. हलांकि सतना शहर में प्रवेश करने से पहले ही जगह जगह उनके स्वागत का क्रम आरंभ हो गया था. लेकिन सतना शहर में प्रवेश करने पर यह सिलसिला काफी व्यापक स्तर तक पहुंचता नजर आने लगा. भरहुत नगर स्थित भाजपा कार्यालय में युवा संवाद कार्यक्रम में सम्मिलित होने के बाद उनका लंबा चौड़ा काफिला भरहुत नगर से सिविल लाइन चौक की ओर आने लगा. इस दौरान 3-4 स्थानों पर मंच बनाकर उनके स्वागत की तैयारी की गई थी. मंच पर प्रकाश व्यवस्था के साथ डीजे भी लगा हुआ था. लेकिन उनके लंबे चौड़े काफिले के गुजरन और जगह जगह स्वागत उस वक्त सीधे तौर पर आमजन को प्रभावित करने लगा जब रीवा रोड का यातायात पूरी तरह रुक गया. आलम यह रहा कि ओवर ब्रिज से लेकर सर्किट हाउस और बस स्टैण्ड तक के मार्ग पर सैकड़ों वाहन जहां के तहां खड़े हो गए. कहने के लिए चौराहे सहित मार्ग पर पुलिस और यातायात अमला भी मौजूद था. लेकिन उनकी भूमिका महज मूक दर्शक बनकर तमाशा देखने तक सीमित नजर आ रही थी. हलांकि स्वागत-सत्कार के बाद भारी भरकम काफिला रवाना हो गया. लेकिन इस दौरान शुरु हुए जाम का असर घंटों तक बना रहा. सैकड़ों वाहन रेंगने को मजबूर रहे. इसके साथ ही मरीजों को लेकर आ रही कुछ एंबुलेंस भी जाम में बुरी तरह फंस कर रह गईं. वहीं राजनीति के जानकारों ने बताया कि जिला स्तर पर होने वाली नई नियुक्तियों को लेकर अपनी-अपनी दावेदारी जताने के लिए ही यह स्वागत-सत्कार की कवायद की जा रही है.

### नेताओं के सामने पुलिस की कोशिश बेकार

आमतौर पर शहर में लगने वाले जाम के कई बार कारण राजनीति से प्रेरित होते हैं राजनीतिक संगठनों के आगे शहर की पुलिस इतनी कमजोर नजर आती है कि वह चाह कर भी न समय पर कोई कोशिश करती और न ही बाद में किसी प्रकार की कार्रवाई प्रस्तावित कर पाती. बुधवार को शहर में जो दृश्य देखने को मिला उससे यह अहसास हो गया कि रीवा रोड हाइवे होने के बावजूद लोगों के लिए गलियों से भी बदतर हो गई है. पूरी तरह से सड़क के किनारे अतिक्रमण अवैध पार्किंग का अड्डा बन चुके इस सड़क में आएदिन ऐसी ही स्थिति पैदा होती है. आम लोगों को तकलीफों का सामना करना पड़ता है.

### आधी रात को क्रेन से हटवाए गए डिवाइडर

आमजन को हर वक्त नियम कायदों का पाठ पढ़ाते नजर आने वाले यातायात और नगर निगम के जिम्मेदार सत्ता के खुलेआम दुरुपयोग के मामले में मूक दर्शक बने नजर आए. सर्किट हाउस चौराहे जैसे अति महत्वपूर्ण स्थान पर स्वागत कार्यक्रम आयोजित करने के लिए मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात को क्रेन के जरिए वहां पर रखे डिवाइडर हटा दिए गए. लेकिन किसी भी जिम्मेदार ने उस ओर झांकने तक ही जहमत नहीं उठाई. इतना ही नहीं काफिले में कई वाहन ऐसे भी शामिल नजर आए जिनमें जहां नंबर प्लेट नदारद थी, वहीं अपारदर्शी गहरी काली फिल्म चढ़ी हुई थी. लेकिन जाम में फंसे आमजन को घुड़की देने में मशगूल पुलिस और यातायात कर्मियों को भला यह सब कैसे दिखाई देता.

# टेढीधार पुल के पास बस डम्पर की टक्कर

## बस एवं डंपर के दोनों ड्राइवरों के सहित 20 यात्री गंभीर रूप से घायल



**नवभारत न्यूज**

**पवई, 11 फरवरी. छतरपुर से नागपुर बस एवं डंपर की जोरदार टक्कर दोनों ड्राइवर गंभीर घायल 20 से अधिक यात्री घायल हो गए.**

मिली जानकारी के अनुसार पवई पन्ना से कटनी की तरफ छतरपुर से नागपुर बस कृमांक एमपी 20 जेड डबलू 2578 जा रही थी जिसका एक्सीडेंट 9.45 बजे अमानगंज से पवई के बीच केन नदी पुल टेढीधार पुल के बीचो-बीच एक्सीडेंट हो गया हैजिसमें बस और डंपर का ड्राइवर सहित 20 लोग घायल है । बीच रास्ता मैं पल के बीचों बीच जाम लगा हुआ है आने जाने के सारे रास्ते बंद है समाचार लिखे जाने तक 100 नंबर एंबुलेंस आ चुकी है.

# बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में राजेन्द्र दास गौ कथा आज से

## सनातन मूल्यों को मिलेगी नई दिशा : राजेन्द्र, रीवा पहुंचे मलूक पीठाधीश्वर का उपमुख्यमंत्री ने की अगवानी



**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 11 फरवरी, बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में 12 फरवरी से 14 फरवरी तक जगदगुरू द्वाराचार्य अग्रपीठाधीश्वर एवं श्रीमलूक पीठाधीश्वर राजेन्द्र दास महाराज अपनी अमृतवाणी से गौकथा एवं गौ आधारित प्राकृतिक खेती पर कथा करेंगे. यह आयोजन प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक होगा.**

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि इस दिव्य आयोजन के माध्यम से गौसंरक्षण, गौ आधारित प्राकृतिक खेती एवं सनातन मूल्यों को नई दिशा और सशक्त प्रोत्साहन मिलेगा. गौ अभ्यारण्य परिसर में आयोजित होने वाली कथा अप्रतिम व भव्य होगी. उप मुख्यमंत्री ने अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के ख्याति प्राप्त गौ भक्त एवं गौ कथा वाचक राजेन्द्र दास की कथा का श्रवण करने का सभी से आह्वान किया है.

### आचार्य राजेन्द्र दास का शुक्ल ने किया आत्मीय स्वागत

मलूक पीठाधीश्वर आचार्य राजेन्द्र दास महाराज का हेलीकाप्टर द्वारा रीवा एयरपोर्ट में आगमन हुआ. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने आचार्य का स्वागत वंदन कर आत्मीय अभिनंदन किया. राजेन्द्र दास महाराज तदुपरांत उप मुख्यमंत्री जी के अमहिया स्थित निवास पहुंचे जहाँ उप मुख्यमंत्री ने सपत्नीक आचार्य श्री का चरण पखारकर आशिर्वाद किया तथा महाराज जी को श्रीफल व गौमाता की मूर्ति भेंट की.

# आग में जलकर दिव्यांग की मौत, झोपड़ी जलकर खाक

## बगदरा पुलिस चौकी क्षेत्र के रेही गांव की घटना,कारण अज्ञात



**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 11 फरवरी। जिले के चितरंगी तहसील अंतर्गत पुलिस चौकी बगदरा के ग्राम रेही में मंगलवार की देर रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है।**

बताया जा रहा है कि घास-फूंस से बनी झोपड़ी में आग लगने से एक दिव्यांग व्यक्ति की जिंदा जलकर मौत हो गई। घटना की जानकारी बुधवार सुबह सामने आने के बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान जगनारायण कोल पिता सूरज कोल उम्र 35 वर्ष के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार, जगनारायण दिव्यांग था और चलने-फिरने में असमर्थ था। वह अपने घर से कुछ दूरी पर घास-फूंस की झोपड़ी बनाकर रहता था। मंगलवार रात वह झोपड़ी के पास आग ताप रहा था। उस समय उसके पिता सूरज कोल भी वहीं मौजूद थे। लेकिन कुछ देर बाद वे घर की ओर चले गए। इसी दौरान किसी अज्ञात कारण से झोपड़ी में आग लग गई।

आग तेजी से फैल गई और दिव्यांग होने के कारण जगनारायण समय रहते बाहर नहीं निकल सका। झोपड़ी में फंसे रहने के कारण उसकी मौके पर ही जलकर मौत हो गई। आसपास के लोगों को जब तक घटना की जानकारी हुई। तब तक सब कुछ जलकर खाक हो चुका था। मामले की सूचना मिलते ही बगदरा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई की।

### इनका कहना है

यह घटना मंगलवार रात की है। प्रारंभिक जांच में आग तापने के दौरान आग लगने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और घटना के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

**राहुल कुमार सैयाम**
एसडीओपी, चितरंगी

# बुंदेलखंड सर्वदलीय मोर्चा का दिल्ली में धरना कल

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 11 फरवरी। बुंदेलखंड सर्वदलीय मोर्चा आगामी 13 फरवरी को दस सूत्रीय मांगों को लेकर दिल्ली के जंतर. मंतर पर धरना देगा।**

बुंदेलखंड सर्वदलीय मोर्चा के संरक्षक व देश के प्रसिद्ध सोशलिस्ट नेता रघु ठाकुर ने यह जानकारी देते हुए बताया कि मोर्चा लम्बे समय से सागर विश्वविद्यालय के संस्थापक डॉ हरिसिंह गौर व भारतीय हॉकी के गौरव मेजर ध्यानचंद को भारतरत्न देने की मांग कर रहा है। इन मांगों के साथ अंचल के विकास से जुड़े कुछ और मुद्दे शामिल भी उठाए जाते रहे हैं जो कई सालों से लंबित है. इनमें बुंदेलखंड की छह स्वीकृत रेललाइनों का काम शुरू करनेए राज्यरानी एक्सप्रेस का स्टापेज जरुआखेड़ा में करनेए बुंदेलखंड पर्यटन बोर्ड बनाकर पर्यटक. पथ का निर्माण करनेए उत्तरप्रदेश . मध्यप्रदेश के बीच अंतरराज्यीय पर्यटन बस व टैक्सी सेवा शुरू करनेए लालगढ़ . पुरी एक्सप्रेस का स्टापेज बीना मालखेड़ी में करनेए सागर के सुभाषनगर रेलवे ओवरब्रिज को जनोपयोगी मांग शामिल है।


## एजेंसी देनी है

आपका सबसे पुराना,विश्वसनीय, निष्पक्ष **नवभारत** समाचार पत्र सतना को पोंड़ी, पिंडरा, सिंहपुर, रैगांव, ताला, बड़ा इटवा, सरलानगर (मैहर) आदि स्थानों पर एजेंसी देना है इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।

मो. नं.- 9098286391, 7828109523


# दस रुपए के लेन-देन में चाकू से हुआ हमला, मामला पंजीबद्ध

## युवक जिला चिकित्सालय में भर्ती, पुलिस कर रही जांच



**नवभारत न्यूज**

**सीधी, 11 फरवरी. शहर के कोतवाली थाना अंतर्गत कन्या कॉलेज के पास ठेले में चाउमीन की दुकान लगाने वाले व्यापारी द्वारा एक युवक के साथ हमला किया गया।**

इस मामले पीड़ित जिला चिकित्सालय में भर्ती हैं। वहीं दूसरे पक्ष से भी मारपीट की शिकायत करने की जानकारी मिली है। वह भी अस्पताल में भर्ती हुआ है। जानकारी के अनुसार कन्या कॉलेज के सामने अवैध ठेले हरदम लगते हैं। जहां कि लड?.लड़कियों की भीड़ रहती है। इसी मामले में दोपहर विवाद हुआ। जिसमें 10 रुपए के चक्कर में ठेला व्यवसायी एवं एक युवक के साथ मारपीट की घटना हुई। जिसमें व्यवसायी द्वारा युवक पर चाकू से हमला करने की जानकारी मिली है। फिलहाल दोनो के खिलाफमामला दर्ज हुआ है। जानकारी के अनुसार अंशू पाठक पिता श्रीकांत पाठक 19 वर्ष निवासी पुलिस लाइन अपने साथियों के साथ कन्या महाविद्यालय के सामने ठेले में चाउमीन खाने गया था। उसने गलती से 20 की जगह 30 रुपए फोन में डाल दिया। बस इसके बाद 10 रुपए के चक्कर में दुकानदार रावेन्द्र साहू पिता गुलाब निवासी करवाही के बीच विवाद निर्मित हुआ। मामला इतना बढ़ गया कि चाकू तक चला। फिलहाल पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### इनका कहना है

दोनों पक्ष से शिकायत आई है। जिसमें दोनो पक्ष के खिलाफ मामला दर्ज होकर मेडिकल किया गया है। इस मामले में जो भी दोषी होंगे उस पर कार्रवाई की जाएगी।

**अभिषेक उपाध्याय**
नगर निरीक्षक कोतवाली

# अवैध गिट्टी परिवहन पर खनिज विभाग की कार्रवाई

## बिना अभिवाहन पास के पकड़ा गया ट्रैक्टर, वाहन जब्त



**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 11 फरवरी। कलेक्टर गौरव बैनल के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनिज परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत खनिज विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है।**

खनिज अधिकारी सुश्री आकांक्षा पटेल के मार्गदर्शन में सहायक खनि अधिकारी रामसुशील चौरसिया द्वारा जांच के दौरान एक ट्रैक्टर को गिट्टी का अवैध परिवहन करते हुए पकड़ा गया। जांच में पाया गया कि संबंधित वाहन चालक के पास खनिज अभिवाहन पास नहीं था, जिससे परिवहन अवैध पाया गया। कार्रवाई करते हुए बिना नंबर वाले ट्रैक्टर को मौके पर ही जब्त कर पुलिस थाना बरगवां में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया है। खनिज विभाग द्वारा जब्त वाहन के विरुद्ध खनिज नियमों के तहत अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनिज परिवहन के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

### रोजगार मेला 18 को शासकीय आईटीआई में

**सतना 11 फरवरी.** जिला प्रशासन, जिला रोजगार कार्यालय एवं शासकीय आईटीआई सतना के सहयोग से 18 फरवरी 2026 को प्रात: 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक शासकीय आईटीआई कॉलेज बिरला रोड सतना में युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा। जिला रोजगार अधिकारी ने शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं आईटीआई, डिप्लोमा, ग्रेजुएशन उत्तीर्ण बेरोजगार आवेदक अपने मूल रिकार्ड के साथ निर्धारित स्थान पर उपस्थित होकर रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं।

# शौच के लिए निकली किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 11 फरवरी, रीवा में सोमवार की अलसुबह शौच के लिए निकली एक किशोरी के साथ घात लगा कर बैठे आरोपी ने न सिर्फ उसे बंधक बनाया बल्कि सुनसान बगीचे में ले जाकर उसे अपनी हवस का शिकार बना डाला.**

घटना सोमवार की सुबह रीवा के रायपुर कर्चुलियान थाना क्षेत्र की है. पुलिस के मुताबिक सोमवार की तड़के शौच के लिए निकली किशोरी को युवक ने बंधक बना लिया इस दौरान किशोरी ने अपने आप को बचाने का हर संभव प्रयास किया लेकिन स्वयं को बचाने में सफल ना हो सकी. आरोपी युवक किशोरी को बंधक बनाकर एक बगीचे में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया. इधर किशोरी के अचानक घर से लापता होते ही हड़कंप मच गया और परिजन उसकी तलाश के साथ पुलिस को भी सूचना दे दी. पुलिस और परिजन किशोरी की तलाश कर ही रहे थे तभी किशोरी एक बगीचे में बदहवास हालत में मिली. फिलहाल किशोरी द्वारा दिए गए बयान के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है और आरोपी की तलाश शुरू कर दी है.


**म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, भोपाल**

विज्ञप्ति क्र. 1429 दिनांक 11.02.2026

**विज्ञप्ति**

प्राधिकरण मुख्यालय एवं संचालित क्षेत्रीय कार्यालय हेतु मुख्य महाप्रबंधक के 02 रिक्त पदों की पूर्ति प्रतिनियुक्ति/सेवा-निवृत्ति उपरांत संविदा के माध्यम से किये जाने हेतु अर्हताधारी अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

पूर्णत: भरे हुये आवेदन पत्र जमा करने की **अन्तिम दिनांक 05.03.2026** है। इस सम्बन्ध में विस्तृत विज्ञप्ति विभागीय वेबसाइट rrda.mp.gov.in पर उपलब्ध है। प्राधिकरण द्वारा जारी की गई विज्ञप्ति को एवं चयन की समस्त प्रक्रिया को किसी भी समय बिना कोई कारण बताये निरस्त किया जा सकेगा।

म.प्र. माध्यम/124427/2026 **मुख्य महाप्रबंधक (प्रशासन)**



**एन सी एल NCL नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड**
(एक मिनिरत्न कम्पनी)
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पणी)

**संक्षिप्त रोजगार सूचना**

एनसीएल ऐसे भारतीय नागरिकों से जो कि पर्यवेक्षकीय संवर्ग के पदों के लिए न्यूनतम एवं आवश्यक योग्यता रखते हों, से सीधी भर्ती द्वारा अपनी, मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले एवं उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में स्थित, खदानों एवं अन्य प्रतिष्ठानों मे नियुक्ति के लिए ऑनलाइन माध्यम से आवेदन आमंत्रित करती है।

**कुल रिक्तियों की संख्या दर्शाती तालिका:-**

| क्र. | पदनाम | कैडर | कुल रिक्तियां |
|---|---|---|---|
| 1 | सहायक फोरमैन (ई एंड टी) (प्रशिक्षु) ग्रेड-सी | ई एंड टी | 14 |
| 2 | सहायक फोरमैन (मैकेनिकल)(प्रशिक्षु) ग्रेड-सी | उत्खनन | 87 |
| | | इलेक्ट्रिकल एवं मैकेनिकल | 21 |
| 3 | सहायक फोरमैन (इलेक्ट्रिकल)(प्रशिक्षु) ग्रेड-सी | उत्खनन | 74 |
| | | इलेक्ट्रिकल एवं मैकेनिकल | 74 |
| कुल | | | 270 |

महत्वपूर्ण तिथियों, ऑनलाइन आवेदन और पात्रता मानदंड, अधिकतम आयु सीमा, आवेदन शुल्क, आरक्षण और छूट, आवेदन प्रक्रिया, चयन प्रक्रिय आदि के संबंध में पूर्ण जानकारी के लिए विस्तृत रोजगार अधिसूचना संख्या 59 दिनांक: 09.02.2026 का संदर्भ लें जो एनसीएल की आधिकारिक वेबसाइट https://www.nclcil.in पर उपलब्ध है।

इस भर्ती से संबंधित किसी भी संशोधन / परिवर्तन की सूचना केवल एनसीएल की वेबसाइट पर दी जाएगी।

(R-67) **महाप्रबंधक (मानव संसाधन/ भर्ती)**


# सावधानी और गंभीरता के साथ करें परीक्षाओं का संचालन : रानी बाटड

▶ कलेक्टर मैहर ने ली परीक्षाओं की तैयारियों संबंधी बैठक



**नवभारत न्यूज**

**सतना/ मैहर 11 फरवरी. बोर्ड पैटर्न पर कक्षा 5वीं और 8वीं की परीक्षायें 20 फरवरी से 26 फरवरी तक मैहर जिले के 126 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जायेगी। राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक परीक्षाओं के सफल संचालन के लिए निर्देश जारी किये गये हैं।**

मैहर जिले में कुल 126 परीक्षा केन्द्र बनाये जाकर इनमें केन्द्राध्यक्ष, सहायक केन्द्राध्यक्ष की नियुक्ति की जा रही है। प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक परीक्षा की तैयारियों और परीक्षा केन्द्रों की व्यवस्थाओं के संबंध में बुधवार को मैहर कलेक्टर रानी बाटड ने बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि पूरी सावधानी और गंभीरता के साथ शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षाओं का संचालन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्द्र में किसी भी अव्यवस्थाओं के लिए केन्द्राध्यक्ष और सहायक केन्द्राध्यक्ष को उत्तरदायी होंगे। राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के दिशा-निर्देशों के अनुक्रम में सभी व्यवस्थायें परिपूर्ण करें और निर्धारित समय पर गतिविधियों को पूर्ण करना सुनिश्चित करें। जिला शिक्षा अधिकारी की ओर से बताया गया कि मैहर जिले में कुल 126 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किये गये है। जिनमें सभी केन्द्रों के लिए केन्द्राध्यक्ष, सहायक केन्द्राध्यक्ष नियुक्त कर आवश्यक प्रशिक्षण दिया गया है। मैहर जिले में कुल 34 जन शिक्षा केन्द्रों के अंतर्गत 1179 शालाओं के छात्रों के लिए 126 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है। बोर्ड पैटर्न की परीक्षा में कक्षा 5वीं 14667 परीक्षार्थी और कक्षा 8वीं की परीक्षा में 13728 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इन स्कूलों में मदरसो के 272 बच्चे भी परीक्षा में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि इन परीक्षाओं में अनुत्तीर्ण या निम्न रिजल्ट लाने वाले विद्यार्थियों के लिए माह जुलाई 2026 में द्वितीय परीक्षा भी होगी। जिनमें रिजल्ट का सुधार किया जा सकेगा।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा मौजा कोलगवां, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99